उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (सेवायें) अनुभाग-2

संख्या-37/2023/एस-2-।/341899/दस-2023-2660/2021

लखनऊ :: दिनॉक: 30 जून, 2023

<u>कार्यालय-आदेश</u>

श्री राज्यपाल, उ0प्र0 वित्त एवं लेखा सेवा समूह-'क' ज्येष्ठ वेतनमान श्रेणी-दो (ग्रेड वेतन रूपये-6600), पुनरीक्षित वेतन लेविल-11 में मौलिक रूप से नियुक्त श्री प्रदीप कुमार (ज्येष्ठता क्र0-760) वरिष्ठ कोषाधिकारी, इटावा को उनके कनिष्ठ श्री वीरेन्द्र सिंह (ज्येष्ठता क्र0-761) की (ग्रेड पे 7600) पुनरीक्षित वेतन लेविल-12 में पदोन्नति की तिथि 26.08.2022 से नोशनल पदोन्नति एवं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से ज्येष्ठ वेतनमान श्रेणी-1 (ग्रेड वेतन 7600) पुनरीक्षित वेतन लेविल-12 में नियमित रूप से पदोन्नत करने एवं उनके वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त पदोन्नति के आदेश मा0 न्यायालयों/मा0 अधिकरणों के समक्ष प्रचलित रिट याचिकाओं/निर्देश याचिकाओं में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होंगे।

3- उक्त नवपदोन्नत अधिकारी पदोन्नति के पद का कार्यभार तत्काल ग्रहण कर, कार्यभार प्रमाणक, शासन एवं निदेशक कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ को उपलब्ध करायेंगे।

4- उपर्युक्त अधिकारी की तैनाती के आदेश पृथक से निर्गत किए जायेंगे।

दीपक कुमार

अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या-37/2023/एस-2-।/341899 (1)/दस-2023, तददिनॉक।</u>

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।

2- जिलाधिकारी, इटावा।

3- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।

4- अपर निदेशक, कोषागार निदेशालय,शिविर कार्यालय, उ0प्र0 प्रयागराज।

5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, इटावा।

6- संबंधित अधिकारी।

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजवीर सिंह)

अनु सचिव।

1-यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2-इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।